ओ मेरे श्याम एक बार आजा मेरे घर | By Sudhir Sangha

ओ मेरे श्याम एक बारी आ जा मेरे घर
लेके जा तू मेरी खबर
प्यासी ये अँखियाँ दर्शन को तेरी
टूट ना जाए कहीं आस ये मेरी
एक बारी आ जा मेरे घर
लेके जा तू मेरी खबर

भव सागर ने मुझको है घेरा
थाम लो आके तुम हाथ ये मेरा
तुझको पुकारे आजा भक्त ये तेरा
तुझको पुकारे आजा दास ये तेरा
ले ना डूबे मुझे कहीं ये भंवर
लेके जा तू मेरी खबर
ओ मेरे श्याम एक बारी आ जा मेरे घर
लेके जा तू मेरी खबर

ओ मेरे श्याम हार गया हूँ मैं तो किस्मत का मारा
तुम बिन नज़र ना आये कोई किनारा
हारे का आजा तू बन के सहारा
टूट ना जाए कहीं मेरा सबर
लेके जा तू मेरी खबर
ओ मेरे श्याम एक बारी आ जा मेरे घर
लेके जा तू मेरी खबर

ओ मेरे श्याम चरणों की अपने धूल समझ के
माफ़ करो मुझे भूल समझ के
विजयराज को फूल समझ के
चरणों में रख लो उमर भर
छूटे ना ये तेरी डगर
ओ मेरे श्याम एक बारी आ जा मेरे घर
लेके जा तू मेरी खबर

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%93-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%8f%e0%a4%95-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0/